Roll No. : [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

कुल प्रश्नों की संख्या : 14 ]
Total No. of Questions : 14 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

# I-252010/810–B

## विषय : हिन्दी

## Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Maximum Marks : 80

निर्देश :
(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
(ii) प्रश्न-पत्र के सभी प्रश्नों को तीन खण्डों—'क', 'ख' और 'ग' में विभक्त किया गया है।
(iii) खण्ड-'क' में 2 प्रश्न हैं, जिसमें 16 अंक निर्धारित हैं।
(iv) खण्ड-'ख' में 5 प्रश्न हैं, जिसके 4 प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं। इस खण्ड में कुल 20 अंक निर्धारित हैं।
(v) खण्ड-'ग' के 'आरोह' भाग में 32 अंक निर्धारित हैं।
(vi) खण्ड-'ग' के 'वितान' भाग में 12 अंक निर्धारित हैं।

### ( खण्ड-'क' )

प्रश्न-1 अधोलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"भारत की भाषायी विविधता को विशिष्ट पहचान देने हेतु शिक्षा मंत्रालय ने कई कदम उठाए हैं तथा शास्त्रीय भाषाओं को विशेष रूप से बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत सार्थक कदम उठाए हैं। जैसे प्रौद्योगिकी और डिजिटल



https://www.cgboardonline.com

तकनीक की मदद से प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण, संग्रह, प्रकाशन आदि पर भी लगातार काम किया जा रहा है। आज के बदलते परिवेश में यदि हम अपनी प्राचीन विरासत को शिक्षा के माध्यम से समझायेंगे तो उसके लंबे समय तक बने रहने की संभावना है। सभी भाषाओं में लिखे साहित्य का निरंतर अन्य भाषाओं में भी अनुवाद हो। इस प्रकार सभी भारतवासी सामासिक संस्कृति से परिचित होंगे। सभी विद्यालयों में भी संबंधित राज्यों में बोले जाने वाली प्रांतीय और क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे छात्रों में अपनी भाषा के प्रति सम्मान की भावना पैदा हो सके। अपनी भाषा में दक्षता प्राप्त कर सके। यदि हम अपनी भाषाओं में संप्रेषण करेंगे तो यह संप्रेषण अति स्पष्ट होगा, नए-नए विचारों से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। जब संवाद स्पष्ट होगा तो समस्या के निपटान के लिए हल प्राप्त किए जा सकेंगे। इसका असर गाँवों में भी देखनें को मिलेगा, जहाँ बड़े अधिकारी ग्रामीणों के स्पष्ट संवाद से उनकी समस्याओं को समझते ही निपटान करेंगे। प्रजातंत्र के प्रत्यक्ष दर्शन होंगे।''

(i) शास्त्रीय भाषाओं के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ? (कोई दो) [2]

(ii) अपनी प्राचीन धरोहर को लम्बे समय तक कैसे बनाये रख सकते हैं ? [2]

(iii) हम सामासिक संस्कृति को किस तरह जान सकेंगे ? [2]

(iv) स्व-भाषा संप्रेषण के लाभ बताएँ। [2]

(v) गाँव की समस्याएँ निपटाने के लिए क्या सुझाव दिया गया है ? [2]

(vi) प्रत्यक्ष और नवाचार का संधि-विच्छेद कीजिए। [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(vii) 'निपटान' में प्रत्यय बताइए। [1]

प्रश्न-2 अधोलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''तरुणाई है नाम सिंधु की उठती लहरों के गर्जन का
चट्टानों से टक्कर लेना लक्ष्य बने जिनके जीवन का।



https://www.cgboardonline.com

विफल प्रयासों से भी दूना वेग भुजाओं में भर जाता
जोड़ा करता जिनकी गति से नव उत्साह निरंतर नाता।
पर्वत के विशाल शिखरों-सा यौवन उसका ही है अक्षय
जिनके चरणों पर सागर के होते अनगिन ज्वार साथ लय।
अचल खड़े रहते जो ऊँचा, शीश उठाए तूफानों में
सहनशीलता दृढ़ता हँसती जिनके यौवन के प्राणों में।
वही पंथ बाधा को तोड़ बहते हैं जैसे हो निर्झर
प्रगति नाम को सार्थक करता यौवन दुर्गमता पर चलकर।
आज देश की भावी आशा बनी तुम्हारी ही तरुणाई।
नए जन्म की श्वास तुम्हारे अन्दर जमकर है लहराई।''

(i) चट्टानों से टक्कर लेने का क्या अर्थ है ? [1]

(ii) 'तरुणाई' की विशेषताएँ बताइए। (कोई दो) [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(iii) देश की उम्मीद किससे है ? [1]

(iv) इस काव्यांश में किसका वर्णन है ? [1]

## ( खण्ड-'ख' )

प्रश्न-3 निम्नलिखित में से किसी एक शीर्षक पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : [1+3+1=5]

(i) पेरिस ओलंपिक में भारत

(ii) प्रदूषण—वैश्विक चुनौती

(iii) 'मीठे वचन तें, सुख उपजत चहुँ ओर'

(iv) साइबर की घातक दुनिया



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-4** राज्य में रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्ती शुरू कर शिक्षित बेरोजगारी दूर करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

*अथवा*

सरकारी अस्पतालों में इलाज की चरमरायी व्यवस्था को सुधारने हेतु जिलाधीश महोदय का ध्यानाकर्षण करते हुए सुझाव पत्र लिखिए।

**प्रश्न-5** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(i) इंटरनेट पत्रकारिता क्या है ? [1]

(ii) संपादकीय का महत्व बताइए। [1]

(iii) विशेष लेखन के दो उदाहरण लिखिए। [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(iv) रेडियो नाटक की एक विशेषता बताइए। [1]

**प्रश्न-6** नाटक की शिल्प संरचना पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट कीजिए कि नाटक अन्य विधाओं से अलग कैसे है। [1+2=3]

*अथवा*

कविता क्या है? यह संगीत और चित्रकला से अलग कैसे है?

**प्रश्न-7** ''एक पेड़ माँ के नाम''—इस अभियान पर प्रतिवेदन तैयार कीजिए। [3]

*अथवा*

फीचर क्या है? ''उजड़ते गाँव, उमड़ते शहर''—पर फीचर लेखन कीजिए।



https://www.cgboardonline.com

## (खण्ड-'ग')—'आरोह'

प्रश्न-8 निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :

''जिंदगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है;
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है।
गरबीली गरीबी यह, ये गंभीर अनुभव सब
यह विचार-वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है
इसलिए कि पल-पल में
जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है—
संवेदन तुम्हारा है।''

(i) कवि की कौन-सी चीज मौलिक है ? [2]

(ii) 'भीतर की सरिता' से क्या तात्पर्य है ? [2]

(iii) ''जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है''— कौन-सी चीजें हैं ? [2]

प्रश्न-9 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''रक्षाबंधन की सुबह रस की पुतली
छायी है घटा गगन की हलकी-हलकी
बिजली की तरह चमक रहे हैं लच्छे
भाई के है बाँधती चमकती राखी।''

(i) प्रस्तुत काव्यांश का भाव-सौंदर्य लिखिए। [2]

(ii) इस काव्यांश के शिल्प-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए। [2]



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-10** (i) लक्ष्मण-मूर्च्छा प्रसंग के आधार पर तुलसी की नारी-दृष्टि पर प्रकाश डालिए। [3]

(ii) 'कैमरे में बंद अपाहिज'—करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है—विचार कीजिए। [3]

**प्रश्न-11** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"अंग्रेजी के निबंधकारों ने एक-दूसरी ही पद्धति को अपनाया है। उनके निबंध इन आचार्यों की कसौटी पर भले ही खरे सिद्ध न हों, पर अंग्रेजी साहित्य में उनका मान अवश्य है। उस पद्धति के जन्मदाता मान्टेन समझे जाते हैं। उन्होंने स्वयं जो कुछ देखा, सुना और अनुभव किया उसी को अपने प्रबंधों में लिपिबद्ध कर दिया। पाश्चात्य साहित्य में ऐसे निबंधों का विकास आधुनिक युग में हुआ है। आख्यायिका की तरह वह निबंध कला भी आधुनिक युग की रचना है। ऐसे निबंधों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे मन की स्वच्छंद रचनाएँ हैं। उनमें न कवि की उदात्त कल्पना रहती है, न आख्यायिका लेखक की सूक्ष्म दृष्टि और न विज्ञों की गंभीर तर्कपूर्ण विवेचना। उनमें लेखक की सच्ची अनुभूति रहती है, उनमें उसके सच्चे भावों की सच्ची अभिव्यक्ति होती है। उनमें उसका उल्लास रहता है। कवि उच्च मार्ग से प्रेरित होकर काव्य की रचना करते हैं, विद्वान ज्ञान की कसौटी पर सत्य की परीक्षा कर निबंध लिखते हैं।"

(i) मान्टेन कौन थे ? उन्होंने किस पद्धति को जन्म दिया ? [2]

(ii) कवि और विद्वान लेखक किस तरह भिन्न हैं ? [2]

(iii) आचार्यों की 'कसौटी' से क्या तात्पर्य है ? [2]



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-12** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) कस्टम अफसर किनकी किताबें पढ़ने में रुचि रखते थे? [1]

(ii) 'इंदर सेना' सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती है? नदियों का भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश में क्या महत्व है? [3]

(iii) 'बाजार-दर्शन' शीर्षक पाठ का उद्देश्य लिखिए। [3]

(iv) 'पहलवान की ढोलक' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। [3]

## (खण्ड-'ग')—'वितान'

**प्रश्न-13** भव्यता के आडंबर से दूर सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी। सिद्ध कीजिए। [4]

https://www.cgboardonline.com

*अथवा*

पर्यटक मुअनजोदड़ो में क्या-क्या देख सकते हैं? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर किन्हीं चार दृश्यों का परिचय दीजिए।

**प्रश्न-14** **(क)** आनंदा के अंधेरे जीवन में उजाला भरने वाले दो महान व्यक्तियों के योगदान को विस्तार से समझाइए। [4]

*अथवा*

ऐन के व्यक्तित्व की चार विशेषताएँ लिखिए।



https://www.cgboardonline.com

(ख) 'सिल्वर वेडिंग' के अनुसार यशोधर बाबू के व्यक्तित्व की चार विशेषताएँ लिखिए। [4]

*अथवा*

'सिल्वर वेडिंग' के आधार पर उन जीवन मूल्यों की सोदाहरण समीक्षा कीजिए, जो समय के साथ बदल रहे हैं।

• • •



https://www.cgboardonline.com